## पहली उड़ान में 7 आदिवासी महिलाओं ने की यात्रा

# पीएम मोदी ने किया सतना हवाई अड्डे का वर्चुअल उद्घाटन





**हरिभूमि, सतना।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल के जंबूरी मैदान से सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। पहली उड़ान में 7 आदिवासी महिलाओं ने यात्रा की। अब यहां से छोटे 19 सीटर विमानों की उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। इस सेवा से सतना, पन्ना, मैहर, चित्रकूट और सीधी जैसे जिलों को सीधा लाभ मिलेगा।

### पहली यात्री 7 आदिवासी महिलाएं

इसमें 7 आदिवासी महिलाओं छोटी बाई कोल,बूटी कोल,संगीता कोल,सुमित्रा आदिवासी,रीतू कोल, मैना देवी कोल और भूरी कोल ने सतना से रीवा तक की हवाई यात्रा किया। इस दौरान महिलाओ ने फ्लाइट में लोकगीत गाए। महिलाओं ने पहली बार हवाई सफर करवाने के लिए पीएम को धन्यवाद दिया।

### उदघाटन समारोह आयोजित

सतना में लोकल स्तर पर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें जिले के जनप्रतिनिधी, समाजसेवी, उद्योगपति और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। लोकार्पण समारोह की औपचारिक शुरुआत केंद्रीय विमानन राज्यमंत्री मुरलीधर ने दीप प्रज्वलन कर की। इस दौरान सांसद गणेश सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 1500 लोग शामिल हुए है,इसके अलावा 1500 लाड़ली बहनों को भी आमंत्रित किया गया था।

### 5 जिलों को मिलेगा फायदा

इस हवाई अड्डे से छोटे 19 सीटर विमानों की सेवा शुरू हो गई हैं। इससे यात्रियों को तेजी से अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा होगी। खासकर सतना,पन्ना,मैहर,चित्रकूट और सीधी जिले इससे लाभान्वित होंगे। सतना एयरपोर्ट को पूरी तरह वातानुकूलित बनाया गया है। यहां बैटरी बैकअप,पावर हाउस,बम निरोधक उपकरण,एम्बुलेंस,मौसम विज्ञान से जुड़ी सुविधाएं,इमरजेंसी एसेम्बली हॉल, एयरपोर्ट सिक्योरिटी,कैंटीन और सिक्योरिटी कॉटेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। रनवे की सुरक्षा के लिए हथियारबंद सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

### पहले दो बार शुरू हो चुकी है सेवाएं

सरकारी प्रयास से दो बार सतना को हवाई सेवा से जोडऩे का प्रयास किया गया। पर दोनों बार सफलता नहीं मिली। इसके पीछे तर्क दिया गया कि सतना से यात्री नहीं मिल रहे हैं। लगातार घाटा हो रहा है। इसके चलते सेवा बंद कर दी गई। हवाई सेवा सतना से शुरू जरूर की गई थी पर इस नीति को सतना के रहवासियों को ध्यान रख नहीं बनाया गया,बल्कि पर्यटकों को मद्देनजर सेवा शुरू की गई थी। नजरिया था कि बड़े शहर के रहवासी पर्यटन के लिए सतना जाएंगे। इस नीति का परिणाम यह हुआ कि बड़े शहर से पर्यटक सतना नहीं आए और सतना से यात्री बड़े शहर नहीं गए। अंततः 5 सेवा कब ठप हो गई,किसी को पता नहीं चला।

### 2014 में पहला प्रयास

सतना को हवाई सेवा से जोडऩे के लिए दो प्रयास हुए। दोनों बार पर्यटन निगम के प्रयास से सेवा को विस्तार देने का प्रयास किया गया।पहला कदम वर्ष 2014 में उठाया गया। वेंचुरा एयर लाइंस के सहयोग से सेवा शुरू हुई। लेकिन,यह सेवा 6 माह भी नहीं जारी रह सकी। 6 सितंबर 2014 को वेंचुरा एयर लाइंस ने विमान उड़ाना बंद कर दिया। करीब ढाई साल बाद 2 मई 2017 को प्रभातम कंपनी के माध्यम से सेवा शुरू की गई। यह करीब 9 माह चल सकी। जनवरी 2018 से सेवा पूरी तरह बंद है। हालांकि इसे बंद होने की घोषणा शासन स्तर पर नहीं हुई। लेकिन,जनवरी से सतना में प्रभातम का प्लेन नहीं उतरा है।

### द्वितीय विश्व युद्ध के समय बनी हवाई पट्टी

सतना की पुरानी हवाई पट्टी का निर्माण द्वितीय विश्व युद्ध (1940 के दशक) में हुआ था। अब इसे रीजनल कनेक्टिविटी योजना (उड़ान योजना) के तहत 37 करोड़ रुपए की लागत से एक आधुनिक एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया गया है। रनवे की लंबाई 1200 मीटर की गई है। रनवे की लंबाई 1800 मीटर करने की चर्चा जारी ही है,लेकिन हवाई पट्टी की जमीन पर अतिक्रमण है।

### कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हवाई यात्रा करुंगी: ऋतु कोल

इस निःशुल्क हवाई यात्रा के लिए मैहर ऋतु कोल का भी चयन किया गया था। इस यात्रा के बाद ऋतु कोल ने कहा कि हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हवाई यात्रा कर सकेंगी। इस उड़ने वाले जहाज को पहले उड़ते देख खुश जरूर होते रहे जो सपना आज सच हो गया कि प्रधानमंत्री के प्रयास से आज हवाई यात्रा करने का मौका मिला।श्रीमती कोल ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री के उस वचन को पूरा करता है जिसमें उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर सकेंगे।



### विमान परिचालन सुविधा की सौगात स्वागत योग्यः सुरेंद्र

जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने सतना को विमान परिचालन की सुविधा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सतना से हवाई यात्रा की शुरुआत होने से लोगों को आवागमन में सुगमता होगी इस सौगात को देने के लिए प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रुप से नव निर्मित सतना एयरपोर्ट का उदघाटन किया वह स्वागत योग्य है अब एयरपोर्ट की लम्बाई बढाने का कारगर प्रयास भी हो। इस उपलब्धि के लिए विभागीय मंत्री, सांसद गणेश सिंह सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी बधाई के पात्र हैं।

# नागौद में पानी को लेकर युवक की लट्ठ मारकर हत्या

### आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल



**सतना।** नागौद थाना इलाके में पानी भरने को लेकर एक युवक की लाठी से पीट कर हत्या कर दी गई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरियादिया निवासी पोखरा टोला नई बस्ती भर्री थाना नागौद का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम भर्री में रामपाल कोल के बोर में फरियादिया के पति राजेन्द्र कोल व विजय कोल बोर के पास पानी भरने के लिये खडे थे। बोर में पानी कम आ रहा था जिस कारण से बोर का मालिक रामपाल कोल सबको दो-दो डिब्बा पानी भरने के लिये बोला। तब फरियादिया के पति राजेन्द्र रावत दो डिब्बा पानी भरकर घर पहुंचा कर पुनः बोर के पास पानी भरने आये तो इसी बात को लेकर विजय कोल फरियादिया के पति से गाली गलौज करने लगा और बोला कि तुम्ही तुम्ही पानी भरते हो और किसी को पानी नहीं भरने देते हो। तब मेरे पति राजेन्द्र रावत ने गाली देने से मना किया। विजय कोल वहीं बाडी में लगा डण्डा निकालकर एक डण्डा फरियादिया के पति राजेन्द्र कोल के बाये तरफ सिर में मारा। जिससे वह वहीं गिर गया और बेहोश हो गया। तब परिजन सहित राजेन्द्र कोल को घर में ले जाकर घरेलू उपचार करते रहे। कोई साधन न होने व रात्रि होने से अस्पताल नहीं ले जा पाये।

**अस्पताल ले जाने का कोई साधन नहीं मिला**

रात में अस्पताल ले जाने का जब कोई साधन नहीं मिला तब सुबह उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल सतना ले जाकर उपचार हेतु भर्ती कराये जो कि उपचार के दौरान शाम को 06.15 बजे राजेन्द्र रावत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 406/25 धारा 103(1)भारतीय न्याय संहिता का अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये त्वरित पुलिस टीम रवाना कर आरोपी विजय कोल पिता कोदूलाल कोल उम्र 30 वर्ष निवासी भर्री थाना नागौद को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।



## कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**सतना।** शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वावधान में ग्राम पंचायत मेहुती में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह के सेवा निवृत्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया,जिनके लंबे सेवाकाल और क्षेत्रीय योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि स्वरूप याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल उपस्थित रहे,जबकि अध्यक्षता कमलेश पांडेय,पूर्व मंडल अध्यक्ष ने की।

## तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन



**सतना।** अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा मध्यप्रदेश वालंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम लोहरौरा में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत लोहरौरा के सचिव दीपक ज्योति सेन,सी.एच.ओ प्रियंका गुप्ता,आषा कार्यकर्ता शकुन्तला दहायत,रश्मि गर्ग,शषि मिश्रा एवं संस्था की ओर से काउन्सलर शोभिता दहायत,मास्टर ट्रेनर सोमा कुशवाहा एवं अभिजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस वर्ष का थीम 'तम्बाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति का खुलासा करना' था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य बच्चों एवं समुदाय को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना एवं तम्बाकू से होने वाले नुकसानों से अवगत कराना था।



## आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक को बताई समस्याएं

**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से मैहर की आशा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं को सुनकर विधायक श्री चतुर्वेदी के द्वारा तत्काल निराकरण करने हेतु करने का आश्वासन दिया साथ ही विधायक ने कहा की आशा बहनों के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित करूंगा क्यों कि समाज के लिए आप सभी बहनों का सहयोग महत्वपूर्ण है।



## सेवा निवृत्त रामजनक तिवारी को दी गई भावभीनी विदाई

मैहर

प्रधान आरक्षक राम जनक तिवारी आज सेवानिवृत हो गए। उनके सेवा निवृत्त होने पर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी एवं स्टाफ के द्वारा शाल श्रीफल एवं मां शारदा की प्रतिमा देकर उनके कार्यों की सराहना की।

## आज होगा डबल सर्किट का काम, कई इलाकों में गुल रहेगी बिजली

**सतना।** रविवार 1 जून को शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। शहर संभाग सतना अंतर्गत 33/11KV पुराना पावर हाउस उपकेंद्र में आने वाली 33 KV लाइन के डबल सर्किट का कार्य सुबह 06 बजे से 10 बजे तक प्रस्तावित किया गया है। जिस कारण उतैली,कृष्णनगर,संग्राम कालोनी,जिला अस्पताल परिसर,पुष्पराज कालोनी,पुष्करिणी पार्क,सुभाष पार्क,जयस्तंभ चौक,भैंसाखाना,मुख्य बाजार ,स्टेशन रोड,सिटी कोतवाली,रामना टोला,बजरहा टोला,कामता टोला,आदर्शनगर,भरहुत नगर, रीवा रोड,एमपी नगर आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से मिलकर समस्याओं का ज्ञापन सौंपा

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से मुलाक़ात कर शिक्षा विभाग मैहर के शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा समस्याओं का एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से 12 एवं 24 वर्ष में प्राप्त क्रमोन्नति में विसंगति एवं एरियर का भुगतान न होना,एनपीएस में मिसिंग राशि का समायोजन,पीएम श्री कन्या में अतिरिक्त लिपिक की व्यवस्था,जिला स्तरीय शिविर का आयोजन,जर्जर बिल्डिंगों का डिसमेन्टल,विद्यालयों में अतिक्रमण आदि पर चर्चा कर की गई। इस पर विधायक के द्वारा आज ही निराकरण के लिए टी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सतना से दूरभाष में चर्चा कर 12 बजे दोपहर मैहर में बैठक रखी गई। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,डीईओ सतना एवं प्रतिनिधि मंडल में मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शास.कर्म.संघ के जिला अध्यक्ष अशोक तिवारी,शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनमोहन दुबे,अपाक्स के जिला अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा,रामेश्वर प्रसाद तिवारी,अजय दुबे आदि लोगों की उपस्थित में उपरोक्त बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

### देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती मनाई गई

**मैहर।** समाज में न्याय,धर्म और समर्पण की प्रतिमूर्ति अमर वीरांगना महारानी लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती समारोह पर एकलव्य आवासीय विद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल छात्र-छात्राओं के द्वारा नाट्य एवं नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी,कलेक्टर रानी बाटड़,जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,सीडीपीओ विद्याचरण तिवारी,एसडीम मैहर विकास सिंह, सी एम ओ मैहर सुषमा मिश्रा,पार्षद अशोक चौबे,जितेन्द्र पाण्डेय,पार्षद एवं सभापति श्रीमती ऋतु कोल एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत स्थित एक होटल में युवती से मिलने आए एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक की शिनाख्त पवन कुमार गुप्ता पिता भगवती प्रसाद गुप्ता 30 वर्ष थाना चीचौली, बाजार चौक बैतूल के रूप हुई हैं। युवक सुबह 11:00 बजे होटल दर्पण लॉज पहुंचा, जिसके बाद कटनी निवासी युवती युवक से मिलने 1:00 बजे पहुंची। युवती के मुताबिक लगभग आधे घंटे बाद युवक एकाएक अचेत हो गया जिसे इलाज के लिए पहले निजी चिकित्सालय ले जाया गया जिसके बाद मामला संदिग्ध होने पर उसे शासकीय जिला चिकित्सालय भेजा गया जहाँ पर परीक्षण के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गईं जिसके बाद मामले की गंभीरता से जांच की जा रही हैं। युवती से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों की पहचान डेढ़ वर्ष पूर्व सोशल मिडिया पर हुई थी जिसके बाद दोनों एक दूसरे से बातचीत करके मिलते रहें। आज भी युवक युवती से मिलने पंहुचा था। कल पचमढ़ी जाने वाले थे लेकिन युवक की मौत हो गईं।

### खेत तालाब बनने से अब किसान को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बरखेड़ा भरदा के निवासी रामस्वरूप कोल को मनरेगा के तहत खेत तालाब स्वीकृत किया गया है। खेत तालाब स्वीकृत होने के बाद रामस्वरूप खुश हैं कि वे अपनी फसलों की सिंचाई खेत तालाब के पानी से कर सकेंगे। इस कार्य की लागत 1 लाख 47 हजार रूपये है। खेत तालाब स्वीकृत होने से प्रफुल्लित रामस्वरूप ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले सिंचाई के लिए पूरी तरह बारिश पर निर्भर रहना पड़ता था, परंतु अब कम बारिश होने पर भी मैं इस तालाब में संचित जल से फसलों की सिंचाई कर सकूँगा।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**पन्ना**। कौशल विकास विभाग द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र में समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए निर्धारित पंजीयन तिथि बढ़ाकर 16 जून 2025 नियत की गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित थी। अब इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि तक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर इच्छित संस्था व व्यवसाय के लिए च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई के विभिन्न टेड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण है। वेल्डर टेड के लिए न्यूनतम योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना निर्धारित है।

### पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई के रोजगार आधारित पाठ्यक्रम हैं कैरियर के बेहतर विकल्प



**पन्ना**। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि कौशल विकास एवं तकनीकी दक्षता आधारित शासकीय पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम रोजगार के लिए एक सशक्त एवं व्यवहारिक विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। इन संस्थाओं के विभिन्न ब्रांच एवं ट्रेड में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार आधारित पाठ्यक्रम कैरियर निर्माण का बेहतर माध्यम हो सकता है। केन्द्रीय एवं राज्य शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम के आधार पर विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पॉलीटेक्निक अथवा आईटीआई संस्था में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि यह समय विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए भविष्य की दिशा तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से परिवार की आर्थिक व वित्तीय स्थिति के अनुसार विद्यार्थियों के लिए जॉब ओरियेंटेड कोर्स लाभकारी हैं। प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शासन के निर्देशानुसार नियमित रूप से प्रोत्साहन, तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा जिला कलेक्टर द्वारा जरूरतमंद छात्रों को पॉलीटेक्निक अथवा आईटीआई में प्रवेश को पढ़ाई एवं रोजगार के लिए प्रथम विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह भी दी गई है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा भी डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की समकक्षता हायर सेकण्डरी की भांति निर्धारित करने तथा डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के उपरांत चार वर्षीय इंजीनियरिंग डिग्री के द्वितीय वर्ष में प्रवेश की व्यवस्था भी की जा रही है। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में प्रवेश के लिए वर्तमान में संचालित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन पंजीयन कराने की अपील की है।

### देवी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर हुई कार्यशाला



**पन्ना**। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण में अहिल्या बाई के योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही लोकमाता द्वारा विकास के साथ विरासत को सहेजने, गरीब व वंचितों को प्राथमिकता, शासिका के रूप में राष्ट्र निर्माण के लिए परिवर्तन लाने जैसे उपायों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि देवी अहिल्या बाई राष्ट्र के निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक थीं। इस दौरान कार्यशाला में मौजूद वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय एवं पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता द्वारा उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

# जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सकों के दायित्वों व कर्तव्यों को लेकर कौन जिम्मेदारी निर्वाहन करवायेगा ?

### कॉल पर महिला चिकित्सक आखिर क्यों नहीं पहुंची जच्चा-बच्चा विगत दिवस जान जो गई जिसका जिम्मेदार कौन?

**जिला चिकित्सालय पन्ना में शासकीय सेवा में चिकित्सकों को सरकार से वेतन तो दी जाती है पर चिकित्सालय में सेवायें देना सेकेण्डरी समझ बैठे। निजी पैक्ट्रिस पर शासकीय चिकित्सकों का ध्यान आखिर जिला अस्पताल में मरीजों की जान के साथ जो खिलवाड़ हो रहा हैं जिस पर क्या जिम्मेदार जिले के प्रशासनिक अधिकारी या जनप्रतिनिधि गौर करेंगें। कॉल करने पर चिकित्सक क्यों नहीं समय पर पहुंची। विगत दिवस जच्चा-बच्चा की जान को लेकर किसके ऊपर तय होगी जिम्मेदारी।**



**पन्ना**। जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्रेशाही का आलम देखते ही बनता है आखिर हद पार करना चिकित्सकों की सेवाओं कर्तव्यों व दायित्वों को लेकर जहां आम जनमानस में अब चिकित्सकों के प्रति आक्रोश पनपने लगा हैं घटनायें भी चिकित्सकों की लापरवाही से घटित होना सामने आता है। उदाहरण के तौर पर विगत दिवस जहां जिला चिकित्सालय में प्रसूता की जो प्रसव पीड़ा के दौरान जच्चा-बच्चा की जान गई हैं स्थानीय निवासियों ने जिला चिकित्सालय में पहुंचकर हंगामा तो किया पर वही हालात कर्तव्यों व निर्वाहन को लेकर जिम्मेदार चिकित्सकों की जिम्मेदारी कौन याद दिलायेगा। आखिर पन्ना जिला चिकित्सालय में जहां गिने-चुने चिकित्सकों को लेकर मरीजों का भरोसा रहता है फिर भी सेवायें मिलना समय पर कठिन होने लगा। शासन के द्वारा जब इन्हें शासकीय सेवा दायित्व निर्वाहन को लेकर सरकार से वेतन प्रदान किया जाता है तो फिर सेवायें देने में कोताही क्यों? आखिरकार कॉल करने पर विगत दिवस महिला चिकित्सक समय पर प्रसूता को देखने नहीं पहुंची जिसके चलते जच्चा-बच्चा दोनों की जान चली गई आखिरकार गरीब का घर उजड़ गया। परिवार बेसहारा हो गया लापरवाही महज महिला चिकित्सक की क्या जान की कोई कीमत अब जिला चिकित्सालय पन्ना में बची ही नहीं क्या? क्या चिकित्सक जो जान बचाने का कार्य करते है ये जान लेने का कार्य करने लगे आखिर इन सवालों का जवाब कौन देगा जिम्मेदार चिकित्सक जो बखूबी जिला चिकित्सालय के इर्द-गिर्द व अपने घरों में बाखूबी निजी प्रेक्टिस पर ध्यान देते है जहां त्वरित पैसा सीधा मिलता है जिस पर इनका भरोसा भी बना हुआ है वहीं जिला अस्पताल में जो मजबूर गरीब दुख से पीड़ति कराहते है जिन्हें समय पर सेवायें मिलना चाहिये उनका इलाज करना चिकित्सक भार समझते है मानवता झंगझोर चुकी है जिला चिकित्सालय अब महज शासकीय अस्पताल औपचारिकता संचालित बिल्डिंग में हालात है चिकित्सकों की जिम्मेदारी का एहसास कौन करायेगा क्या जिले के प्रशासनिक अधिकारी संज्ञान लेंगे वहीं जनप्रतिनिधियों की बात करें क्या गौर करेंगे आखिरकार आम जनता जो मजबूर होते है वही शासकीय अस्पताल पहुंचते है। कहने को तो जिला अस्पताल पर सेवायें देने के लिये चिकित्सक संवेदनशील नहीं आखिरकार कैसे आम आदमी का हो इलाज जब समय पर चिकित्सक कॉल करने के बाद भी नहीं पहुंचते मरीज की जान चली जाती है आखिरकार इस तरह की लापरवाही को लेकर क्या कार्यवाही तय की जायेगी साथ ही शासकीय सेवा में पदस्थ जिला अस्पताल में चिकित्सक जो अपने निजी प्रेक्टिस को महत्व दे रहे है जिला चिकित्सालय में महज औपचारिकता ड्यूटी को लकर बन चुकी है इन हालातों को लेकर सुधार कैसे होगा। आम आदमी जो जिला चिकित्सालय पर इलाज के लिये निर्भर है वैसे भी जमीनी हकीकत समूचे जिले की जहां प्राथमिक अस्पताल दम तोड़ चुके है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महज रिफरल अस्पताल हो चुके है। जिला चिकित्सालय पर निर्भर जिले की जनता दुख की घड़ी में इलाज को लेकर फिर भी चिकित्सक संवेदनशील नहीं आखिरकार ये हालात अगर इसी तरह बने रहे तो फिर जिला चिकित्सालय को लेकर वह दिन दूर नहीं जब आम आदमी चिकित्सकों के खिलाफ आंदोलन की राह तय करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन व चिकित्सकों की साबित होगी वैसे भी पन्ना जिले में शांति के हालात रहते है पर जब परिस्थितियां सतत बेकाबू हो जाती है जिम्मेदार बेखबर हो जाते हे तो यहां आम आदमी मजबूरी के हालात में हंगामा व चिकित्सकों के खिलाफ स्वयं घटनाओं को अंजाम देने लगते है जो कई बार हो भी चुका है आखिरकार चिकित्सकों के कर्तव्यों व जिम्मेदारी को कौन संवेदनशील बनायेगा देखना यह है कि होगा सुधार कि नहीं वहीं कॉल करने पर महिला चिकित्सक के न आने से जिस जच्चा-बच्चा की जान गई उसको लेकर क्या कार्यवाही तय होगी जिस पर है सबकी नजर।

## जिला कांग्रेस के जय हिंद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब




**पन्ना**। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा निकाली जा रही है इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के नेतृत्व में तथा देश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी राजभान सिंह पटेल भूपेंद्र राहुल की उपस्थिति मेंजय हिंद यात्रा पन्ना जिला मुख्यालय में निकाली गई। उक्त यात्रा नवनिर्मित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से प्रारंभ हुई तथा अजयगढ़ चौराहा बड़ा बाजार गोविंद चौक बलदेव चौक कटरा बाजार अंबेडकर चौक होते हुए गांधी चौक पहुंची जहां पर यात्रा का समापन किया गया यात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया यात्रा में भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामावतार तिवारी सेवा दल के अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र नगर आनंद शुक्ला पन्ना अक्षय तिवारी अजयगढ़ दादूराम मिश्रा गुनौर बबलू गौतम अमानगंज बाबू सिंह राजपूत पवई माखन पटेल शाह नगर शालिग्राम गौतम शशीकांत दिक्षित भूपेंद्र सिंह परमार वैभव थापक पुरुषोत्तम जड़िया रेहान मोहम्मद जन्मेजय अर्जरिया श्रीमती आस्था तिवारी देव की प्रजापति श्रीमती रही मां खातून नरेंद्र विश्वकर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ग्राम पंचायत झिरमिला में जल निगम की लापरवाही से सड़कों पर बह रहा पानी,

**पवई**। जिले की शाहनगर तहसील के ग्राम झिरमिला मे सड़को पर बह रहा पानी जहां एक ओर शाहनगर के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत झिरमिला में जल निगम की लापरवाही के चलते कीमती पानी सड़कों पर बर्बाद हो रहा है। ग्राम पंचायत झिर्मिला मे जल निगम का कार्य अधूरा पड़ा हुआ हैं. यहाँ पाइप लाइन तो डाली गई। परन्तु नल टोटी स्टेण्ड नहीं लगने के कारण पानी चालू होते हीं सड़को पर पहने लगता हैं। यह तस्वीरें ग्राम पंचायत झिरमिला की हैं। जहां जल निगम की लापरवाही से पाइपलाइन में लीक होने के कारण सड़कों पर लगातार पानी बह रहा है। न तो समय पर मरम्मत की जा रही है, और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना हैं कि यह पानी कई दिनों से बह रहा है, हमने शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। एक तरफ लोग पानी के लिए परेशान हैं, और इधर ऐसे बर्बाद हो रहा है। वहीं, शाहनगर क्षेत्र के लोग गर्मी के इस मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्राम पंचायत मलघन से अभी विगत दिनों हीं एक विडिओ वाइरल हुआ था। जिसमे एक लड़की कुआँ से रस्सी डालकर गन्दा पानी घर ले जाने के लिए निकाल रही थी। जिसके बाद मोके पर पहुंचें जनपद सी ई ओ ने ग्राम पंचायत को जलापूर्ति हेतु टैंकर व्यवस्था करने के आदेश दिए थे. यहाँ आज भी टेंकर के भरोसे लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं, लेकिन सरकारी व्यवस्था का हाल यह है कि जहां जरूरत नहीं, वहां पानी बह रहा है कृ और जहां जरूरत है, वहां पानी नहीं पहुंच रहा। प्रशासन से अपील है कि इस गंभीर लापरवाही पर तुरंत संज्ञान ले और जल प्रबंधन को दुरुस्त करें, ताकि अमूल्य जल संसाधनों की बर्बादी रोकी जा सके। ठेकेदार द्वारा स्टैंड लगाए जाते हैं किन्तु लोगो द्वारा निकाल लिए जाते है बाद मे मोटर लगाकर या सटक डालकर पानी अंदर लिया जाते हैं। जिसको लेकर कार्यवाही हेतु जनपद शाहनगर को लेख किया गया हैं।

संघर्ष की तपिश में तपकर चमका भाग्य

## बालकृष्ण मिश्र बने असिस्टेंट प्रोफेसर दादा की अधूरी इच्छा अब हुई पूरी




### सरस्वती शिशु मंदिर की छांव में खिला वह बालक, जो आज शिक्षा की लौ बन गया

**देवेंद्रनगर**। कहते हैं संघर्ष की राह पर धैर्य और मेहनत की लौ थामे जो चलता है, सफलता एक दिन उसका द्वार अवश्य खटखटाती है। इसी को चरितार्थ किया है ग्राम इटवां तिल्हा (तहसील देवेंद्रनगर, जिला पन्ना) के बालकृष्ण मिश्र ने, जो अब मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक (हिंदी) के पद पर चयनित हुए हैं। यह केवल एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने की कहानी नहीं, बल्कि एक आम किसान परिवार के उस युवक की कथा है, जिसने अभाव, पीड़ा, आर्थिक तंगी, कोरोना लॉकडाउन और निजी विषादों के बीच भी अपने सपनों को मरने नहीं दिया। शारीरिक रूप से विकलांग किसान पिता श्री रामऔतार मिश्र और गृहिणी माता श्रीमती मुन्नी बाई मिश्र के इस बेटे ने अपने स्वर्गीय दादा रामसेवक मिश्र की प्रेरणा को जीवन का ध्येय बना लिया था। बालकृष्ण बताते हैं कि उनके दादा जी की हार्दिक इच्छा थी कि वह नौकरी करें, परंतु वर्ष 2024 में उनके निधन से पहले यह सपना अधूरा रह गया। अब जब सफलता मिली है, बालकृष्ण मानते हैं कि यह उन्हीं के आशीर्वाद का फल है। 'बालकृष्ण की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, देवेंद्रनगर से हुई, जहाँ उन्होंने कक्षा 10वीं में 90.6: और 12वीं में 92.2: अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया।' आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। सतना के शहीद पद्मधर सिंह स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से बीएससी (गणित, भौतिकी, रसायन) में कॉलेज टॉप किया। फिर उन्होंने प्छैच्त्म्-अवार्ड से प्राप्त 2.5 लाख की राशि के सहारे दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी शुरू की, लेकिन कोविड-19 के लॉकडाउन ने जैसे सपनों पर ताले जड़ दिए। इस कठिन दौर में उन्होंने न बिजली के भरोसे रहकर पढ़ाई छोड़ी, न भोजन के अभाव में आशा छोड़ी। आलू-टमाटर और चावल खाकर, बिना घड़ी और टूटी चप्पलों के साथ उन्होंने संघर्ष का ऐसा पाठ लिखा, जो प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। लॉकडाउन के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से एम.ए. (हिंदी साहित्य) किया और कॉलेज टॉपर भी रहे। मध्य प्रदेश सेट परीक्षा और दो बार यूजीसी-नेट भी उत्तीर्ण किया। जब सहायक प्राध्यापक की परीक्षा होनी ही थी, तभी दादा जी चल बसे। घर की जिम्मेदारियाँ सिर पर थीं कृषि, घर, बहनों का विवाह लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अंततः 9 जून 2024 को उन्होंने मुख्य परीक्षा दी, और फिर जनवरी 2025 में इंटरव्यू के लिए मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर में शामिल हुए। परिणाम में पांच माह की विलंब के बाद हाल ही में जब सफलता की घोषणा हुई, तो एक ओर आंखें छलक पड़ीं, वहीं भीतर आत्मविश्वास का सागर हिलोरें मारने लगा। बालकृष्ण मिश्र अब न केवल एक शिक्षक बन चुके हैं, बल्कि एक विचारक, कवि, वक्ता और समाज के मार्गदर्शक के रूप में भी आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। वे कहते हैं "मैं शिक्षा के माध्यम से नैतिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व नागरिक गढ़ना चाहता हूँ। यह केवल मेरी नहीं, मेरे गुरुजनों, विद्यालय, माता-पिता, बहनों और मित्रों की भी सफलता है।"

# वेंडर द्वारा दिये बिल संदेह के घेरे में, बिल भुगतान में पंचायतों द्वारा हेराफेरी के लग रहे आरोप...?

**पंचायतों के लिए नोट छापने की मशीन बने जनपद पंचायत के बाहर पंचायतों की डीएससी रखकर बैठे बेंडर?**

**पंचायतों से इनवेस्टमेंट कर बेंडर हर साल कमा रहे करोड़ों रुपए**

**बगैर पंचायत सचिवों और सरपंच के डीऐससी रखकर कर रहे भुगतान**

**गुनौर में जगह-जगह, खुली कम्प्यूटर की दुकानों और जीएसटी बनाकर बिल लगाने वाले बेंडर ग्राम पंचायतों का कमाई का अड्डा बने हुए हैं। एक माह में सिर्फ एक पंचायत में केई लाख रुपए का बिल भिजवाने वाले बेंडरो द्वारा हुआ भुगतान चर्चा का विषय बन गया है। नपद पंचायत गुनौर क्षेत्र में हो रहे पंचायतों के बिल भुगतान की अगर पड़ताल कर ली जाए तो करोड़ों रुपए तक का भुगतान हर साल यही ब्लेंडर करते हैं। जनपद पंचायत गुनौर क्षेत्रांतर्गत के सभी पंचायतों में चल रही सोर्स सिफारिश की सह पर बिलों के भुगतान की कार्यप्रणाली संदेहास्पद है।**



गुनौर

मप्र के पन्ना जिले में जनपद पंचायत गुनौर की पंचायतों के कुछ जनप्रतिनिधि (सरपंच, जनपद सदस्य) प्रदेश सरकार पर भारी पड़ रहे है। दरअसल वर्ष 2020 जून माह में प्रदेश के सभी पंचायतों में खर्च होने वाले बिलों के लिए सभी तरह कमीशन खोरी जांच कराने के उद्देश्य से शुरूकी गई बेंडरों की कंपनी के लिए जनपद पंचायत गुनौर के बाहर खुली दुकानों को नोट छापने की मशीन साबित हो रही है। चलती फिरती इस कम्प्यूटर कम्पनी ने वनटाइम इनवेस्टमेंट करके एक कम्प्यूटर मशीन लगाकर शुरूआत की है।, इसके तहत जीएसटी नंबर रसीद में प्रिंट कराकर बिना किसी निविदा आमंत्रित किए पंचायतों की डीएससी रखकर की जा रही है। आश्चर्य की बात यह है कि जगह पर जनपद पंचायत भवन की, बिल्डिंग दफ्तर सरकारी है, हर भांजने वाला बिल का भुगतान भी कम्प्यूटर वाले कमीशन में कैश करारे है। और प्रबंधन या हम यूं कहें कि जम्मेिदारों को इससे कोई मतलब नहीं है। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायतें सिर्फ बिल भुगतान कराने के उद्देश्य से 01 मशीनें लगाकर हर साल तीन, साढ़े तीन करोड़ से अधिक का भुगतान ले रही हैं। यह गुनौर की ककरहटा, हरद्धाही, सहित दर्जनों दुकानें शामिल हैं। यही पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का हाल है। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई वर्ष की जानकारी में , और पंचायत दर्पण में भी फारमेलटी के लिए दस्तावेज अपलोड किए जा रहे हैं। और भी आंकड़े बताते हैं कि जिला पंचायत सहित अन्य जिम्मेदारों अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उनकी सह पर संचालित की जा रही यह दुकाने उनके द्धारा लगाए जा रहे एक ही दुकानदार के बिल संदेह के घेरे में हैं। मप्र शासन द्वारा सख्त कानून है कि निविदा आमंत्रित की जाकर खरीदी की जाने की जरूरत है। मगर भाई भतीजावाद की सह पर चल रही टोकन सुविधा शुल्क में कमीशनखोरी की दम पर भुगतान किये जा रहे बिल खुलेआम भ्रष्टाचार की बानगी प्रस्तुत कर रहे हैं। जिला प्रशासन से आवाम की यह गुजारिश है कि एक ही दुकान से भंजाए जा रहे बिलों की जांच करवाई जाकर उचित कार्रवाई की जावे। कम्प्यूटर आपरेटर के पास रखे डीएससी एवं कम्प्यूटर बिल पंचायतों के लिए नोट छापने की मशीन नहीं बन सकें।

## जन्म से हमारे गांव में सड़क व पानी की समस्या बनी हुई है- हरदा बंजारा निवासी ग्राम चितरवारा

**चुनाव के समय पर कुछ लोग यहां आते हैं इसके बाद कुछ पता नहीं चलता**

**बारिश के समय निकलना मुश्किल हो जाता है पानी दूर सड़क के पास कुआं से लाना पड़ता है-पूरन बंजारा निवासी चितरवारा**

**चितरवारा गांव में विकास कार्य ठप, आज़ादी से आज तक नहीं हुआ सीसी रोड निर्माण कार्य, पेयजल संकट से जूझते ग्रामीण**



**पन्ना**। मध्य प्रदेश के जिला पन्ना की जनपद शाहनगर की ग्राम पंचायत मलघन के अंतर्गत आने वाला ग्राम चितरवारा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। लगभग 300 आबादी वाले इस गांव में अब तक सीसी रोड का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के मौसम में कच्ची सड़कें कीचड़ से भर जाती हैं, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण खेमा बंजारा का कहना हैं की हम कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, बीमार को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है। एक बार गर्वभाती महिला को चारपाई से सड़क तक ले जाना पड़ा था। सिर्फ सड़कों की ही नहीं, चितरवारा गांव भीषण पेयजल संकट से भी जूझ रहा है। गांव में पर्याप्त हैंडपंप नहीं हैं, और जो हैं भी, वे अक्सर खराब पड़े रहते हैं। महिलाएं और बच्चे दूर-दराज पर स्थिति कुआँ से पानी लाने को मजबूर हैं। महिलाओ का कहना हैं की सुबह-सुबह पानी के लिए लाइन लगाना पड़ता है, कभी पानी आता है, कभी नहीं। गर्मी में हालत और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत और प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या चितरवारा जैसे गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाना सरकार की प्राथमिकता है। फिलहाल चितरवारा गांव के लोग बुनियादी सुविधाओं के इंतजार में हैं। देखना होगा कि कब तक शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान देता है और ग्रामीणों को उनका हक मिलता है।

### विद्यालय के लिए भी नहीं है पक्का पहुंच मार्ग-

यहाँ पर एक प्राथमिक शाला भी स्थित हैं जहाँ पर कोई पक्का पहुंच मार्ग नहीं है। जिस कारण से छोटे बच्चे विद्यालय भी नहीं पंहुचाते है। शासकीय विद्यालय की स्थिति आप फोटो के माध्यम से देख हीं सकते हैं. की किस प्रकार की सड़क बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना हैं इसलिए बच्चे स्कूल जाकर पढ़ाई नहीं कर पा रहे है।

## शासकीय उमावि पगरा में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वी जयंती मनाई



**अमानगंज**। क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर संस्था प्राचार्य केपी पाल द्वारा देवी अहिल्याबाई के छायाचित्र पर रोली तिलक कर फूल माला पहनाई गई। तत्पश्चात प्राचार्य के.पी.पाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर न्याय की मूर्ति, समाज सुधारक, कुशल प्रशासक , धार्मिक व्यक्तित्य के लिए जानी जाती रही है। उन्होंने महिला के साहस और पराक्रम की एक मिसाल पेश की है।कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य के .पी .पाल तथा शिक्षक शिव चरण प्रजापति, राहुल चौरसिया, मोहनी सक्सेना, फरीदन बानो, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र कुमार पटेल, राविंद्र सिंह ठाकुर, रामरूप सिंह, रामेश्वर प्रसाद पांडे, जगदीश अहिरवार, राजीव कवीरपंथी, आदि उपस्थित रहे।

## पाली ग्राम में हुई भव्य प्राण प्रतिष्ठा, मंदिर में विराजमान हुए श्री हनुमंत सरकार

### पन्ना जिले के गुनौर तहसील के अंतर्गत पाली ग्राम में नवनिर्मित मंदिर में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से

अमानगज

श्री श्री 108 श्री हनुमान जी सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ संपन्न हुआ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा में प्रासाद शिखर स्नान एवं 81 कलशों के द्वारा समस्त तीर्थो का जल एवं सहस्त्र धारा स्नान और धार्मिक मंत्रोच्चारण की ध्वनि के साथ शिखर स्थापन एवं धार्मिक मंत्र संकीर्तन होते हुए मंदिर में विराजमान हुए हनुमंत सरकार वहीं मैदानी संवाददाता अनुज कुमार पाठक में जानकारी देते हुए बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का पांचवा दिन है जिसमें पंडित शास्त्री श्री राज किशोर गौतम जी ने भागवत का सार बताते हुए कहा की जो प्रभु में आस्था और विश्वास रखता है प्रभु उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं वहीं यज्ञाचार्य पंडित श्री शिवदत्त गौतम जी एवं शास्त्री रामानुज गौतम जी के द्वारा विधि विधान के साथ भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया सभी श्रद्धालु भक्तगणों ने खूब जयकारे लगाते हुए आनंद लिया ।



## सिंथेट्रिक दूध की बिक्री से बच्चे हो रहे बीमार, सीएमएचओ, फूड सेफ्टी विभाग बने अंजान

# दूध में सफेदी के अलावा रसायनिक तत्वों की मिलावट, नहीं भरे जा रहे सैंपल, प्रशासन मौन

**हरिभूमि, छतरपुर।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में दूध का धंधा तेजी से चल रहा है, दूधारू पशुओं को पालने के लिए शासन द्वारा सब्सीडी भी दी जा रही, लेकिन इसके बाबजूद भी दूधारू पशुओं की संख्या कम देखने को मिल रही है। जिले में दुधारू जानवरों की संख्या घट रही है, फिर भी जिले में रोजाना इतना दूध कहां से आ रहा, यह तो विभाग के अधिकारी ही बता पाएंगे, और दूध की बिक्री पहले से अधिक हो रही है। शहरी इलाकों में जो दूध बिक रहा है। वह केवल दूध नहीं बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए धीमे जहर का काम कर रहा है। इस तरह दूध में डेयरी संचालक रसायानिक पदार्था का उपयोग करते है, जिससे यह दूध देखने में गाढा और सफेद अधिक होता है। गाढा और सफेद के चक्कर में लोग समझ नही पाते डेयरी संचालक रसायनिक पदार्थ के नाम पर दूध में यूरिया खाद और निरमा पाउडर एवं सफेद चॉक की मिलावट करने के आरोप जानकार लोगों ने लगाए हैं। जो बच्चों के साथ साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक है। गर्मी के दिनों में दूध की आवक कम हो जाती है, लेकिन डेयरियों में दूध की मात्रा कभी कम नहीं होती उसका मुख्य कारण यह है कि दूध में पानी की मात्रा अधिक मिलाकर उसे रसायनिक पदार्थ के माध्यम से ज्यादा गाढा और सफेद किया जाता है। लेकिन लोगों को यह पता नहीं है कि बह जिस दूध का सेवन बच्चों को करा रहें है। बह दूध खतरनाक व जानलेवा दूध है। सीएमएचओं स्वास्थ्य विभाग और फूड सेफ्टी विभाग के संरक्षण में मिलावट खोरी का यह धंधा पूरे जिले में जोरों पर चल रहा है। सेम्पल भरने की जो भी कार्यवाही होती है, बह सिर्फ कागजों में की जाकर वाहबाही लूटी जाती है। जबकि धरातल पर न तो कोई जांच होती है, और न ही सेम्पल भरे जाते है सिर्फ बसूली के लिए डरा धमकाकर खानापूति की जा रही है। यही कारण है कि पूरे जिले में मिलावटी दूध के साथ साथ मिलावटी घी की भी बिक्री चल रही है।

### विभागों द्वारा नाकों पर नहीं भरे जा रहे सैम्पल

पूर्व में देखा गया था कि नगर पालिका के सीएमओ शहर के प्रत्येक रोड़ पर नाकों में दूध का सैम्पल भरबाते थे, जो दूध सैम्पल में सहीं नही पाया जाता था। उस दूधिया पर जुर्माने की कार्यवाही की जाती थी जुर्माना के भय से दूध बेचने बाले दूध में मिलावट कम करते थे। लेकिन कई सालों से यह ब्यवस्था बंद कर दी गई है। नाकों पर कोई चैकिंग नहीं होती है, जिससे दूध बेचने बाले मनमाने तौर पर दूध में रसायनिक पदार्थ मिलाकर अबैध रूप लाभ प्राप्त कर रहें है। जबकि मानव जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाना दण्डनीय अपराध माना गया है। नगर पालिका अधिकारी के बाद फूड सेफ्टी विभाग को जिम्मेदारी सौपी गई, लेकिन फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी तू डाल डाल में पात पात की कहावत को चरितार्थ कर रहें है। फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी और निरीक्षक अपना नजराना लेकर खुली छुट दिये हुए है।





### दूधारू पशुओं की संख्या कम फिर भी दूध बड़ी मात्रा में बिक रहा

किसान के लिए जब से खेती की नई तकनीक आई है, तबसे दूधारू पशुओं को रखना कम कर दिया है। जिस कारण दूध की पैदावार भी कम मात्रा में हो रही है। लेकिन दूध बड़ी मात्रा में बिक रहा है। आखिर जांच का विषय यह है कि दूध इतनी बड़ी मात्रा में कहां से आता है। आज तक फूड सेफ्टी विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इस बात को जानने का प्रयास नहीं किया है, शहर में सैकड़ो अधिक छोटी बड़ी डेयरियां संचालित हो रही है। लेकिन किसी भी डेयरी का सैम्पल नहीं भरा जाता। डेयरी संचालक यह बात दबंगी से कहते है कि अधिकारी उनकी दुकान पर सेम्पल भरने नहीं आएगें, क्योंकि बह अधिकारियों तक हर माह निर्धारित राशि पहुॅचाते है, यही अंदाजा लगाया जा सकता है, या फिर विभाग ही बता पाएगा कि क्या मजबूरी है कार्यवाही करने की।

### मिलावटी पनीर की बिक्री शहर में जोरों पर

दूध डेयरियों में पनीर की बिक्री भी बडी मात्रा में होती है जब दूध की आवक कम है, फिर पनीर कहां से आता है। यह दूध से निर्मित न होकर सेन्थेट्रिक रहता है, और सेन्थेट्रिक पनीर सबसे अधिक नुकसान दायक है। दूध डेयरियों में 300 रूपए किलो के लगभग पनीर बेचा जा रहा है। इसमें भी रसायनिक पदार्थ मिलाया जाता है, जिससे पनीर देखने में असली दिखे और खाने में उसका स्वाद अलग ही रहता है। शांदियों के सीजन में शहरों में पनीर की खपत ज्यादा होती है, डेयरी संचालकों का यह कहना है कि दूध से पनीर बनाया जाता है। जब दूध ही नहीं है, तो पनीर कहां से बनेगा। यह भी एक जांच का विषय है कि किस बस्तु के माध्यम से पनीर बनाकर खुलेआम बेचा जा रहा है। क्या कभी फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने पनीर का सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजा, बैसे सूत्रों के अनुसार डेयरियों के जो सेम्पल खानापूर्ति के लिए भेजे जाते है। बह कभी जांच में कभी फेल नही होते है, और जांच रिपोर्ट का बहाना बनाकर फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते है।

### गर्मियों में दही की खपत भी अधिक होती है, दही में भी हो रही मिलावट

गर्मी के मौसम में शरीर को तरोताजा करने के लिए हम जिस दही का उपयोग कर रहें है, बह दही शरीर को तरोताजा करने की बजह हानि पहुॅचाता है क्योंकि दही भी केमिकल एवं रसायनिक पदार्थ से मिलाकर बनाया जाता है। दही भी 2 प्रकार का बाजार में बिकता है। एक मीठा एक खटटा दही लेकिन डेयरियों से जुड़े लोगों का कहना है कि मीठा दही सबसे अधिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि दूध की मलाई पहले निकाल ली जाती है, और उसमें रसायनिक पदार्थ मिलाकर दही बनाया जाता है। देखने और खाने में यह दही इतना अच्छा लगता है उतना ही बह स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक है।

### डेयरियों में बिक रहा मिलावटी घी से फैल रही बीमारियां

शहर की 50 प्रतिशत डेयरियों में घी की बिक्री भी चल रही है, लेकिन यह घी शुद्व न होकर मिलावटी होता है जो स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक नुकसान दायक है। डेयरियों में दो प्रकार का घी बेचा जा रहा है जिसमें एक पूजा बाला और दूसरा खाने बाला घी पूजा बाले और खाने बाले घी में धरती आसमान का अंतर होता है। क्योंकि पूजा बाला घी 240 रूपए किलो और खाने बाला घी 700 रूपए किलो बेचा जाता है। भगवान की पूजा के नाम पर मिलावटी घी बेचकर डेयरी संचालक मुनाफा कमा रहें है, जो घी 700 रूपए किलो बेचा जाता है बह भी पूरी तरह से असली नहीं होता है। इसमें भी तमाम प्रकार की मिलावट होती है और महीनों पहले दूध की मलाई निकाली जाती है और फिर उसका घी बनाया जाता है इस घी के खाने का स्वाद भी अलग होता है, लेकिन जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। बह अपनी जिम्मेदारी न निभाकर चंद चांदी के सिक्कों में बिक जाते है आखिर प्रशासन कब तक आंख मूद कर यह मिलावट खोरी का धंधा चलने की छुट दिए रहेगा।

### इनका कहना है

मैने सेम्पल भरने की गाड़ी बुलवा ली है, और तेजी से अभियान चलाकर सेम्पल भरकर जांच के लिए भेजे जाएगें। लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नही होगा। सोमवार को टी.एल. की बैठक के बाद में सख्त निर्देश देंगे कि जिले में अभियान चलाकर दूध, दही, घी और अन्य खाद्य पदार्थो के सेम्पल जांच के लिए भेजे और सेम्पल फेल होने पर जुर्माने के साथ साथ एफआईआर की जाएगी।

**डॉ.आर.पी. गुप्ता**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**स्वास्थ्य विभाग छतरपुर**

## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा चार्ज करते समय करंट लगने से चालक की मौत

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात एक ई-रिक्शा चालक की करंट लगने से मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि मृतक किराए के मकान में रहता था और ई-रिक्शा चार्ज करने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। पड़ोसियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। शनिवार का शव का पोस्टमार्टम किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक लखन पुत्र मुन्ना मिश्रा, गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुंगवारी का निवासी था।
अविवाहित लखन छतरपुर में नई ईदगाह के पास किराए के मकान में अकेले रहकर ई-रिक्शा चलाता था। शुक्रवार रात वह ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था, तभी तार उसके हाथ से छू गया और वह करंट की चपेट में आ गया। पड़ोसियों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। लखन के बड़े भाई दीपक मिश्रा ने बताया कि उसे पड़ोसियों के माध्यम से घटना की सूचना मिली थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश




छतरपुर। शनिवार को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर छतरपुर में 25 एमपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में एक भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली छत्रसाल चौराहे से शुरू होकर बिजावर नाका, एसपी कार्यालय होते हुए पुनः छत्रसाल चौराहे के रास्ते बटालियन मुख्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने नारों और संदेशों के माध्यम से शहरवासियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।
रैली में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य नशे के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक नुकसानों को उजागर कर समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता फैलाना था। 25 एमपी बटालियन के अधिकारियों, स्कूल शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने इस पहल की सराहना की।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार



छतरपुर। छतरपुर जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। शनिवार को फोरलेन हाईवे पुल से ग्राम गठेवरा के कच्चे मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को 315 बोर के अवैध देशी कट्टे और कारतूस सहित गिरफ्तार किया।थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में आरोपी दीपक अहिरवार पिता संतोष अहिरवार, निवासी ग्राम सिमरिया, थाना सिविल लाइन, के पास से अवैध हथियार बरामद हुआ। आरोपी ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो अपलोड किया था, जो वायरल हो गया था। पूछताछ में अवैध हथियार के स्रोत की जानकारी मिली है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## महाराज छत्रसाल की जीवनी पर आधारित दो पुस्तकों का हुआ विमोचन






**नौगांव।** पर्यटक ग्राम मऊसहानियां, छतरपुर में आयोजित दो दिवसीय विरासत महोत्सव की दूसरी शाम इंडियन आइडल फेम नचिकेत लेले के नाम रही। नचिकेत ने किशोर कुमार, मोहम्मद रफी और सोनू निगम जैसे दिग्गजों के फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नचिकेत ने छतरपुर और बुंदेलखंड की खूब तारीफ की और कहा कि पहली बार इस क्षेत्र में आकर वे बेहद खुश हैं। उन्होंने महाराजा छत्रसाल की पुण्य वीरभूमि पर बार-बार आने की इच्छा जताई।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। नचिकेत लेले ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए, जिनमें पुराने और नए बॉलीवुड गीतों का शानदार मिश्रण था। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। गायिका उमा सक्सेना ने भी अपनी सुमधुर गायकी से दर्शकों का दिल जीता। सागर से आए दो कलाकारों के फ्यूजन बैंड ने सूफी और बुंदेली लोक संगीत का अनूठा संगम प्रस्तुत किया, जिसने क्षेत्रीय संस्कृति को जीवंत कर दिया। इस दौरान महाराज छत्रसाल की जीवनी पर आधारित दो पुस्तकों का विमोचन भी हुआ, जिनमें उनके ऐतिहासिक योगदान और वीरता को उजागर किया गया। समिति अध्यक्ष गोविंद सिंह बुंदेला और मानवेंद्र सिंह ने कलाकारों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। लेखिका उमा सक्सेना और बुंदेलखंड दाल मिल के संचालक राहुल साहू को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिराम पाठक और शैलेंद्र शुक्ला ने कुशलतापूर्वक किया।

## महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान पुलिस ने चलाया

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**छतरपुर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती को जनकल्याण पर्व के रूप में मनाते हुए छतरपुर पुलिस ने महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए एक विशेष अभियान चलाया। महिला सुरक्षा शाखा, निर्भया मोबाइल, और जनसाहस संस्था ने नारायणपुरा रोड की झुग्गी बस्तियों में पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से सशक्त नारी-सशक्त समाज का संदेश दिया।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले के थाना क्षेत्रों में एक दिवसीय अभियान के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। नारायणपुरा रोड की झुग्गी बस्तियों में संवाद के दौरान भारतीय न्याय संहिता 2023, मध्यप्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना, लैंगिक अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। महिलाओं को नए कानून, हेल्पलाइन नंबर, और निःशुल्क शिक्षा के अधिकार की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा शाखा ने हेल्पलाइन नंबर साझा किए, जबकि जनसाहस संस्था ने अपनी हेल्पलाइन 180030002852, किशोर न्याय अधिनियम, और बाल अधिकारों पर चर्चा की। बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। पंपलेट वितरित कर जागरूकता बढ़ाई गई। कार्यक्रम में उप निरीक्षक तबस्सुम खान, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक राजेंद्र यादव, निर्भया मोबाइल से रामरति, शांति कुशवाहा, और जनसाहस से संतोष, रघुवीर, रितु शामिल रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज ने चलाया नशा मुक्ति अभियान




**लवकुशनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर लवकुश नगर के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें सब जेल, मॉडर्न पब्लिक कोचिंग सेंटर, पंकज पार्क, ग्राम रनमऊ और ग्राम मड़ा शामिल रहे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने लोगों को नशे से मुक्त होने की प्रतिज्ञा दिलाई और नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। ब्रह्माकुमारी सुलेखा बहन ने कहा कि आज का युवा, जिसे देश का भविष्य और रीढ़ की हड्डी माना जाता है, नशे का शिकार हो रहा है। फैशन और व्यसन के दौर में युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में है। नशे के कारण कई दुर्घटनाएं हो रही हैं, जो परिवारों को तोड़ रही हैं और माता-पिता के सपनों को चकनाचूर कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से आध्यात्मिकता के साथ पढ़ाई को जोड़ने और होश में रहकर राष्ट्रहित में योगदान देने की अपील की। सुलेखा बहन ने कहा, युवा अपनी आंतरिक ऊर्जा, सोचने-समझने और निर्णय लेने की शक्ति को सकारात्मक कार्यों में लगाकर श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। सुलेखा बहन ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से नशे की लत से मुक्ति पाई जा सकती है। यह अभ्यास ब्रह्माकुमारी केंद्रों पर निःशुल्क सिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान वैश्विक स्तर पर चल रहा है और अब तक लाखों लोग नशा मुक्त जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी सुलेखा बहन, उषा बहन, सब जेल अधीक्षक अनिल पाठक, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य प्रदीप सिंह, अरुण भाई और सुरेंद्र भाई शामिल रहे। ब्रह्माकुमारीज ने नशा मुक्ति के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## गुंडे-बदमाशों पर नकेल कसने की तैयारी में छतरपुर पुलिस

### आधा दर्जन से अधिक पर प्रस्तावित की गई जिला बदर की कार्रवाई

**छतरपुर। छतरपुर पुलिस ने आदतन अपराधियों और गुंडा-बदमाशों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मई 2025 में सात बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की प्रस्तावित कार्रवाई की है। पुलिस ने इनके खिलाफ प्रतिवेदन तैयार कर जिला दंडाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।**



### शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान

यह कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। छतरपुर पुलिस लगातार निगरानी बदमाशों और गुंडों पर नजर रख रही है और समय-समय पर उन्हें थानों में बुलाकर आवश्यक निर्देश दे रही है। मई 2025 में थाना कोतवाली और ओरछा रोड पुलिस ने सात आदतन अपराधियों के खिलाफ जिला बदर का प्रस्ताव तैयार किया। इनमें कोतवाली थाना क्षेत्र के राहुल मिश्रा उर्फ संजू भूरा निवासी सर्किट हाउस के पास छतरपुर, दशरथ अहिरवार निवासी अमानगंज मोहल्ला छतरपुर, फैयाज अली निवासी नया मोहल्ला छतरपुर, युसूफ राइन निवासी बड़ी कुंजरहटी छतरपुर, और ओरछा रोड थाना क्षेत्र के सत्यम यादव निवासी ग्राम हतना, हर्ष उर्फ सिक्सर निवासी ग्राम नारायणपुरा तथा संतोष शर्मा निवासी ग्राम टुरया शामिल हैं। पुलिस ने इनके आपराधिक रिकॉर्ड की समीक्षा के बाद जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित की है। प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी कार्यालय में भेजा जा रहा है, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## विद्यार्थियों का सम्मान समाज और राष्ट्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता हैः राजेश शुक्ला

### श्री कृष्णा विश्वविद्यालय मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा विगत पांच वर्षों से बारहवीं कक्षा में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की परंपरा को इस वर्ष भी जारी रखा गया। मेधावी छात्र सम्मान 2025 के प्रथम चरण का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर डी.पी. द्विवेदी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्राध्यापक व शोध समन्वयक पुष्पेंद्र खरे, संघ लोक सेवा आयोग में चयनित आशुतोष मिश्रा, समाजसेवी मानवेंद्र सिंह, कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम और प्रभारी कुलसचिव डॉ. अमित जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।
प्रभारी कुलसचिव डॉ. अमित जैन ने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, पिछले छह वर्षों की उपलब्धियों और अतिथियों का परिचय देते हुए सभी का स्वागत किया। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के प्राध्यापक ओंकार तिवारी ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता, केंद्रीय पुस्तकालय, विभागीय पुस्तकालय और विभिन्न प्रयोगशालाओं की जानकारी दी।
कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने कहा, विद्यार्थी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा और प्रोत्साहन देकर ही हम एक उन्नत समाज का निर्माण कर सकते हैं। मेधावी छात्रों का सम्मान सामाजिक स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है, जो देश को वैश्विक मंच



पर स्थापित करने में सहायक है। मुख्य अतिथि विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल करते हैं। ऐसे विद्यार्थियों का सम्मान समाज और राष्ट्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने मेधावी छात्र सम्मान समारोह को समाज में सकारात्मक बदलाव का एक उज्ज्वल उदाहरण बताया। विशिष्ट अतिथि डी.पी. द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के मंच विद्यार्थियों के जीवन में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। सकारात्मक सोच और परिश्रम के साथ कोई भी विद्यार्थी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। वहीं, संघ लोक सेवा आयोग में चयनित आशुतोष मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर समाज को सशक्त बनाती है।

**इन विद्यार्थियों का हुआ सम्मान**

इस सम्मान समारोह में छतरपुर शहर और ईशानगर ब्लॉक के 872 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5100 रुपये, 2100 रुपये और 1100 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रणति चतुर्वेदी और सुमेधा राय ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आभार मानव संसाधन प्रमुख डॉ. शिवेंद्र सिंह परमार ने व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती में आयोजित हुई संगोष्ठी

### अहिल्याबाई का जीवन राजनीति, जनसेवा और धर्मसेवा का अद्भुत संगम था - डॉ द्विवेदी



**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े समाजसेवी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशुतोष द्विवेदी ने लोक माता के जन्म से लेकर उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ द्विवेदी ने कहा रानी अहिल्याबाई का जीवन राजनीति, जनसेवा और धर्मसेवा का अनूठा संगम था। उन्होंने अत्यंत ही साधारण परिवार में जन्म लेकर होल्कर राजवंश की बहू बनकर होल्कर साम्राज्य को संभाला। उनकी राजनैतिक कुशलता, शासन प्रबंध, न्यायप्रियता और सनातन धर्म के प्रति आस्था ने उन्हें सामान्य शासिका से लोकमाता बनाया। जीवन में विभिन्न कठिनाईयों का सामना करते हुए उन्होंने मालवा में लंबे समय तक सफलतापूर्वक शासन करते हुए अपार लोकप्रियता और लोकमाता की पद्वी पाई। उनका संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय और आध्यात्म के लिए समर्पित रहा। लोकमाता का जीवन उनके जन्म के तीन सौ वर्ष बाद भी आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादाई है जितना की उस समय था। अहिल्याबाई का जीवन सही अर्थों में महिला सशक्तिकरण का अनुपम और अनुकरणीय उदाहरण है,कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने संगोष्ठी के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए रानी अहिल्याबाई के जीवन और महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने संगोष्ठी में महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीमा शर्मा ने लोकमाता के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुकेश एंगल ने किया। कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहिद परवेज, प्रदीप गौतम सुमन, एनजीओ से अंजुम बेनजीर, रिएक्ट संस्था से नीलू तिवारी, रुचि द्विवेदी, स्पोर्ट्स एसोसिएशन से उमा सोंधिया, जन अभियान परिषद से अमित अवस्थी, गौ सेवा केंद्र से कुसुम सिंह, शिक्षाविद सुनीता पाण्डेय, स्मिता साहू, बीपी सिंह, प्रियंका परते, राधा गौतम, संध्या त्रिपाठी प्रभा शुक्ला, श्लेषा शुक्ला उपस्थित रहीं।

# भोपाल में पकड़ाया नशे का सरगना

## पुलिस ने सायबर सेल की मदद से किया गिरफ्तार



**रीवा।** मेडिकल नशे के बढ़ते कारोबार पर नकेल कसने में जुटी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे नशीली कफ सिरप तस्करी के नेटवर्क के मास्टरमाइंड को चोरहटा पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विजय साहू उर्फ बुच्ची को साइबर सेल की तकनीकी मदद से गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय में पेश कर चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।बता दे विजय साहू पिछले काफी समय से भोपाल में छिपकर रीवा संभाग सहित अन्य जिलों में नशीली दवाओं की तस्करी का संचालन कर रहा था। पुलिस के अनुसार, यह शातिर तस्कर एक संगठित सिंडिकेट के माध्यम से सैकड़ों लीटर कफ सिरप की आपूर्ति कर रहा था, जिसका उपयोग नशे के रूप में किया जाता है। आरोपी के खिलाफ रीवा जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं और उस पर ₹50,000 का इनाम भी घोषित था। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने साइबर सेल की सहायता से आरोपी का लोकेशन ट्रेस किया। आरोपी मोबाइल लोकेशन ट्रेस से बचने के लिए बार-बार सिम और डिवाइस बदल रहा था, लेकिन तकनीकी विश्लेषण से उसे भोपाल में ट्रैक कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे कड़ी सुरक्षा में रीवा लाया गया। शुक्रवार को चोरहटा पुलिस ने आरोपी विजय साहू उर्फ बुच्ची निवासी करहिया को रीवा लाया जहां उसे न्यायालय में पेश कर 4 दिन की रिमाण्ड में लिया गया है।बॉक्स जांच से खुल सकते हैं कई राजबता दे आरोपी से पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है। इस नेटवर्क से जुड़े छोटे-बड़े कई तस्करों की जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है, जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। मिली जानकारी अनुसार आरोपी ने मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में एक मजबूत तस्करी नेटवर्क खड़ा कर रखा था।बॉक्स संगठित गिरोह पर लगाम कसने की तैयारीआईजी रीवा रेंज, गौरव राजपूत के सख्त निर्देशों के बाद नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में हाल के दिनों में तेजी आई है। खासकर मेडिकल दवाओं के अवैध कारोबार पर पुलिस की कड़ी नजर है। चोरहटा थाना सहित रायपुर कर्चुलियान और जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में लगातार छापामार कार्रवाई जारी है। इस कड़ी में विजय साहू की गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।बॉक्स पुलिस अब नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने की कोशिश मेंचोरी-छुपे नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले इस नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं, इसकी तह में जाने के लिए पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान इस गोरखधंधे से जुड़े कई अन्य चेहरों का भी खुलासा होगा।

## कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों का लिया जायजा



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 4 जून को रीवा जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल गंगेव स्टेडियम का भ्रमण करके दौरे के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी 4 जून को गंगेव आएंगे। महिला स्वसहायता समूह के सम्मेलन में शामिल होने के साथ मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। महिला सम्मेलन की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साउंड सिस्टम और प्रकाश व्यवस्था तथा दौरे से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्राची चौबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवरात

**रीवा।**

*जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के सोनौरी गांव में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के कीमती आभूषण पार कर दिए। घटना के दौरान घर के सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे, और चोर बड़ी ही चालाकी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सोनौरी निवासी नरेंद्र तिवारी उर्फ शास्त्री के घर में यह चोरी की घटना घटी। बताया गया कि तिवारी रात में घर के बाहर सो रहे थे, जबकि उनका पुत्र घर के भीतर एक कमरे में सोया हुआ था। इसी दौरान चोर मकान में प्रवेश कर गए और घर के भीतर रखी दो लोहे की पेटियों को बाहर ले गए। बाद में पेड़ के नीचे उन पेटियों के टूटे ताले और बिखरे दस्तावेज मिले, लेकिन उनमें रखे सोने-चांदी के गहने गायब थे,सुबह जब परिवार की नींद खुली तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला और पेटियों का हाल देखकर सभी सकते में आ गए। पीड़ित द्वारा तत्काल सेमरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।*

# समय पर कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश



**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने सभागार में वर्षा ऋतु की तैयारियों एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में बैठक ली। । उन्होंने वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहर में चल रहे नालियों एवं सड़कों के निर्माण कार्यों को जून माह के अंत तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यदित जारी होने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए।उन्होंने वार्डवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिन निर्माण कार्यों का कार्यदिश जारी हो चुका है, उन्हें जून माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। शहर में चल रहे सीवर लाइन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने एवं वर्षा से पूर्व सभी संबंधित स्थलों पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पिछली बारिश में जहां समस्या थी वहां सैक्शन नालियों का तत्काल कार्य शुरू कर बारिश से पहले पूर्ण करें जिससे समस्या से निजात मिले। वार्ड में नाली निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ एवं सीमांकन कर कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, राजेश सिंह, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी व अन्य उपस्थित रहे।बॉक्स नालों की सफाई के निर्देश आयुक्त ने झिरिया नाला, अमहिया नाला एवं अन्य प्रमुख नालों की मशीनों की से जल्द सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए। वैजू धर्मशाला के पास पुलिया की सफाई, बोदाबाग हनुमान मंदिर से स्टेडियम तक नाले की सफाई, बार्ड 9 में पीएम आवास के पास नाले का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

# थाना रायपुर कर्चुलियान के 55 लावारिस वाहनों की होगी नीलामी

**वाहनों के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 12 जून तक होंगी दर्ज**



रीवा । थाना रायपुर कर्चुलियान में 55 लावारिस दो पहिया वाहन थाना परिसर में रखे हुए हैं। सभी वाहन रात्रिकालीन गश्त और चेकिंग के दौरान लावारिस रूप में पकड़े गए हैं। इस संबंध में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान पीएस त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस एक्ट के प्रावधानों के तहत वाहनों को राजसात करके नीलामी की कार्यवाही की जा रही है। इन वाहनों के मालिक वैध दस्तावेजों के साथ अथवा अन्य कोई व्यक्ति नीलामी के संबंध में 12 जून तक दावे-आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद वाहनों की नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित शर्तों का पालन करने वाले बोलीदार नीलामी में भाग ले सकेंगे। थाना रायपुर कर्चुलियान में बजाज सीटी 100 एमपी 04 एनएस 8649, हीरो होण्डा स्पलेंडर एमपी 17 एमक्यू 7679, बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमएच 3350, होण्डा साइन ग्रे कलर, टीव्हीएस विक्रांत एमपी 19 एमपी 5446 की नीलामी होगी। नीलामी में हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एमसी 6962, सुजुकी हयाते लाल कलर, यामाहा एमपी 17 एमएम 1735, हीरो होण्डा ग्लैमर एमपी 65 एम 0174, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमजे 1311, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमपी 19 ई 0266, हीरो होण्डा सीडी डॉन एमपी 17 एचजी 4589, हीरो स्पलेण्डर एमपी 17 एमपी 6213, एक्टिवा एमपी 17 एसए 0163 वाहन शामिल हैं। इसी तरह हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमयू 3963, हीरो पैशन प्रो एमपी 17 एमजे 2143, हीरो होण्डा स्पलेण्डर ब्लैक सिल्वर, टीव्हीएस स्टार पर्पल कलर, टीव्हीएस स्पोर्ट्स सफेद लाल रंग, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स एमपी 17 एमजेड 2369, एक्टिवा ग्रे कलर, हीरो स्पलेण्डर एमपी 17 एमसी 2187, बजाज डिस्कवर, हीरो होण्डा सीडी डॉन की नीलामी होगी। नीलामी में हीरो स्पलेण्डर प्लस, टीव्हीएस स्पोर्ट्स एमपी 66 एमए 5784, टीव्हीएस स्टार, बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमएच 9638, होण्डा स्टनर एमएच 46 आर 1065, टीव्हीएस स्पोर्ट, हीरो होण्डा पैशन, बजाज प्लेटिना एमपी 18 एमसी 1664, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमएच 03 जी 9174 वाहन शामिल हैं। इसी तरह हीरो होण्डा स्पलेंडर रेड कलर, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमपी 03 यू 3701, होण्डा साइन एमपी 19 एमई 6007, कावासाकी बाक्सर एमपी 17 एचबी 7042, हीरो होण्डा एमपी 17 एचडी 5349, कावासाकी, हीरो होण्डा पैशन एमपी 17 एचसी 8444, यामाहा फ्लेम, कावासाकी बाक्सर एमपी 17 एच 1272 वाहनों की नीलामी होगी। बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमडी 3138, हीरो होण्डा पैशन प्रो जीजे 05 एफआर 4368, हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस एमपी 20 केके 5246, टीव्हीएस स्टार स्पोर्ट्स एमपी 17 एमएफ 2707, बजाज डिस्कवर एमपी 19 एमजी 2651 वाहनों की भी नीलामी की जाएगी। बजाज प्लेटिना एमपी 04 डीएम 8163, हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एचडी 6753, हीरो पैशन एमपी 17 एमई 6038, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स एमपी 54 एम 1579, टीव्हीएस ब्लैक कलर, बाक्सर एमपी 17 एफ 9856, हीरो स्पलेण्डर प्लस एमपी 17 एचडी 7045 तथा हीरो स्पलेण्डर एमपी 19 एमडी 5867 वाहन भी नीलामी में शामिल हैं।

# कार में लोड कर रीवा आ रही गांजे की खेप पकड़ाई, दो तस्कर गिरफ्तार

## 2.93 क्विंटल गांजा जब्त, आरोपियों से मनगवां पुलिस कर रही पूछताछ

**रीवा।**



जिले के मंनगवा थाना पुलिस ने एक नशे के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। बता दे कार से गांजा की तस्करी करते मनगवां पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 2 क्विंटल 93 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 44 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध गांजा तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछतांछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि अमवा नहर के पास कार सवार दो युवक गांजा की सप्लाई के लिए आए हुए है, जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। कार की तलाशी पर पुलिस को अलग-अलग पैकेट में करीब तीन क्विंटल गांजा मिला है। पुलिस ने मामले में आरोपी शुभम जायसवाल उर्फ गोलू पिता मुद्रिका जायसवाल 25 वर्ष निवासी इटौरा बायपास थाना विश्वविद्यालय व अरुण मिश्रा पिता रामलखन मिश्रा 45 साल निवासी सिरकनी थाना रायपुर कर्चुलियान को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गांजा की बड़ी खेप पुलिस के हाथ लगी है, पकड़े गए आरोपी उक्त गांजा कहा से और किससे लाए थे, इसकी जानकारी आरोपियों से पुलिस लगा रही है। संभावना है कि अवैध गांजा कारोबार से जुड़े अन्य आरोपी सामने आ सकते है,जिसे लेकर जल्द ही पुलिस बड़ा खुलासा कर सकती है। बॉक्स छत्तीसगढ़ या उड़ीसा से खेप आने की आशंका मिली जानकारी अनुसार आशंका जाहिर की जा रही है कि आरोपियों ने छत्तीसगढ़ या उड़ीसा से गांजा की खेप लोड की थी जिसे पुलिस को चकमा देते हुए रीवा तक लेकर आ गए। पूरा गांजा कार की डिग्गी में रखा था। मुखबिर की सूचना पर मंनगवा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

# बिजली बंद होने पर भड़के रहवासियों ने कार्यालय में की तोड़फोड़

## देर रात एमपीईबी कार्यालय में हंगामा व कर्मचारियों से भी मारपीट

**रीवा।** शहर में बिजली आपूर्ति की अनियमितता और लापरवाही को लेकर आम नागरिकों का आक्रोश आखिरकार फूट पड़ा।



शुक्रवार देर रात अमहिया थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी के पास स्थित मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अंधेरे में घंटों तक परेशान रहवासी बड़ी संख्या में विभाग के दफ्तर पहुँच गए। असंतोष इतना गहरा था कि देखते ही देखते वहां तनाव का माहौल बन गया और मामला हंगामे व तोड़फोड़ तक जा पहुँचा। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 11 बजे से अमहिया क्षेत्र और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। भीषण गर्मी में पंखा और कूलर बंद हो जाने से लोगों को भारी दिक्कतें होने लगीं। शुरुआत में लोगों ने तकनीकी खराबी मानकर इंतजार किया, लेकिन दो घंटे बीतने के बाद भी जब आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो रहवासी आक्रोशित हो उठे। रात करीब 1 बजे के आसपास करीब 40-50 लोग विद्युत विभाग के दफ्तर पहुँच गए और जवाब माँगने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जवाब नहीं मिलने पर लोगों ने कार्यालय परिसर में नारेबाजी शुरू कर दी और कुछ ही देर में माहौल तनावपूर्ण हो गया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भीड़ में मौजूद कुछ उपद्रवियों ने दफ्तर की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए, कुर्सियाँ फेंकी और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की की। हंगामे को देखते हुए कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुँच गए और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि अधिकारियों का रवैया बेहद असंवेदनशील था और यही गुस्से की वजह बना। घटनास्थल पर मौजूद कुछ युवकों ने बाइक और कार से भागने की कोशिश की लेकिन अफरा-तफरी में कई वाहन वहीं छोड़ दिए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मऊगंज जनपद पंचायत में ग्रामीण विकास योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**जल गंगा संवर्धन अभियान समीक्षा सहित जिला पंचायत सीईओ ने कई सचिवों को जारी किया नोटिस**



**कई सचिवों को निलंबित करने के निर्देश दिए जिला सीईओ ने**

**मऊगंज।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह द्वारा जनपद पंचायत मऊगंज में जल गंगा अभियान अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, नरेगा लेवर नियोजन के दौरान कों में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा में आवास योजना के सर्वे, जियो टैग, आवास पूर्णता एवं मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय सीमा में कराए जाने के निर्देश सीईओ जिलापंचायत द्वारा दिये गये। समग्र सीडिग एवं जिनकी ईकेवायसी अभी तक नही हुई है अभियान चलाकर समग्र सीडिंग एवं ईकेवासी कराए जाने के निर्देश सचिव/ग्राम रोजगार सहायक को दिए गए। समीक्षा बैठक की सूचना उपरांत अनुपस्थित सचिव गीता पटेल ग्राम पंचायत कराहिया, विजय सिंह ग्राम पंचायत पकरा, जायलाल पटेल ग्राम पंचायत डिघवार 391, रामभजन साकेत ग्राम पंचायत डगडौया 2, सौखीलाल सोधिया ग्राम पंचायत मिसिरगवां को निलंबित करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत पंचायत ने दिये। समीक्षा बैठक योजनाओं में न्यूनतम प्रगति होने के कारण सचिव श्यामसुन्दर पटेल ग्राम पंचायत उमरी, रामजतन पाण्डेय ग्राम पंचायत पनिगवा, संतोष पटेल ग्राम पंचायत नौढ़िया, दिग्विजय सिंह ग्राम पंचायत लौरकला को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## अहिल्याबाई की जयन्ती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत में लोकमाता अहिल्याबाई 300 वीं जयंती मनाई गई जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत उनके जीवन में समाज के लिए दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया नित्य एवं कला के माध्यम से महिला सशक्तिकरण न्याय और कर्तव्य के साथ धर्म की स्थापना में अहिल्याबाई का अभूत पूर्व योगदान रहा है न्याय की देवी और लोक माता के नाम से चर्चित अहिल्याबाई का महिला सशक्तिकरण में महान योगदान रहा जनपद सभागार में कलेक्टर संजय जैन विधायक प्रदीप पटेल पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी महिला बाल विकास अधिकारी जनपद कर्मचारी जनपद सदस्य पार्षदगण एवं गायत्री शक्तिपीठ परिवार की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं तंबाकू निषेध विश्व दिवस पर सभी ने शपथ लेते हुए तंबाकू निषेध एवं नशा मुक्ति की दिशा में मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से समाज को नशा मुक्त करने का संदेश दिया गया।

# मऊगंज में पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी की उपस्थिति में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशभक्ति का उत्सव**



**मऊगंज।** तपेश्वर धाम बायपास पर शुक्रवार को आयोजित एक भव्य समारोह, में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन मे मऊगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन मऊगंज जिला विकास परिषद के संयोजक संतोष मिश्रा और वरिष्ठ समाजसेवी रमेश पांडेय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण तिवारी ने अपने उद्बोधन मे भारतीय सेना के जज़्बे और समर्पण को नमन करते हुए कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" हमारे सैनिकों की वीरता का प्रतीक है।समारोह कार्यक्रम मे लगभग 50 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।मंच पर उपस्थित सैनिकों ने एक सुर में देश के लिए हर परिस्थिति में तैयार रहने की शपथ ली और यह संदेश दिया कि यदि देश पुकारे, तो वे फिर सीमा की ओर प्रस्थान करने को तैयार हैं।यह आयोजन न केवल पूर्व सैनिकों के सम्मान का प्रतीक था, बल्कि मऊगंज के युवाओं के दिलों में देशसेवा की अलख जगाने वाला क्षण भी बना।